# 17 लाख युवाओं का करेंगे कौशल विकास

## देंगे आधुनिक प्रशिक्षण, युवाओं को दिया जाएगा एआई, मशीन लर्निंग, डाटा साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षण

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार व तकनीकी विश्वविद्यालयों ने युवाओं को कौशल विकास व आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने के लिए निजी क्षेत्र की 10 संस्थाओं के साथ एमओयू किया। बृहस्पतिवार को प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल व व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की मौजूदगी में ये एमओयू हुए।

प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि 878 करोड़ रुपये के एमओयू से प्रदेश के लगभग 17 लाख युवाओं का कौशल विकास किया जाएगा। इनको वर्चुअल इंटर्नशिप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिटिक्स आदि क्षेत्रों में प्रशिक्षित

### मंत्री आशीष पटेल व कपिल देव अग्रवाल की मौजूदगी में 878 करोड़ रुपये का हुआ एमओयू

किया जाएगा। वहीं, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए युवाओं को आधुनिक तकनीक व उद्योगों के अनुरूप कोर्स चलाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी बांटे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार केवी राजू, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एम देवराज, विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास अभिषेक सिंह आदि मौजूद थे।




मंत्री आशीष पटेल व मंत्री कपिल देव अग्रवाल की मौजूदगी में प्रदेश सरकार और तकनीकी विवि ने निजी क्षेत्र की 10 संस्थाओं के साथ एमओयू किए। स्रोत : विभाग

**इनसे हुआ एमओयू :** इंफोसिस, आईबीएम, वाधवानी फाउंडेशन, कॉग्नवी, उन्नति, बेटर प्लेस, एरा फाउंडेशन, स्मार्ट ब्रिज, सीटीई और स्प्रिंग बोर्ड।